<u>प्रतिवेदन</u>

धनेश्वरी देवनंदन कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय ,दानपुर,पटना में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम का विवरण:

दिनांक - 3-10-23

स्थान : धनेश्वरी देवनंदन कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय

आयोजक - मुंडेश्वरी कॉलेज फॉर टीचर एजुकेशन, पटना की सह प्राध्यापिका -कुमारी बरखा एवं सत्र (2022-24 एवं 2023-25) के प्रशिक्षुगण (महाविद्यालय द्वारा आवंटित)।

कार्यक्रम की शुरुआत :

स्वच्छता कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11 :30 बजे कॉलेज के छात्र छात्राओं एवं धनेश्वरी विद्यालय की छात्राओं के द्वारा की गई।इस कार्यक्रम के द्वारा स्कूल के विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के बीच साफ़- सफ़ाई से होनेवाले फ़ायदे तथा गंदगी से होनेवाली बीमारियों और समस्याओं से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय में उपस्थित सभी व्यक्तियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना एवं उसके महत्व को बताना था। इस जागरूकता कार्यक्रम का नेतृत्व मुंडेश्वरी कॉलेज फॉर टीचर एजुकेशन, पटना की सह प्राध्यापिका -कुमारी बरखा ने किया और उनके साथ दोनों सत्र के प्रशिक्षुओं ,जिनको इस विद्यालय में प्रशिक्षण कार्य हेतु भेजा गया था , ने भी हिस्सा लिया । यह कार्यक्रम मुण्डेश्वरी कॉलेज फॉर टीचर एजुकेशन के लिए काफ़ी महत्वपूर्ण एवम् उल्लेखनीय रहा जिसके तहत समाजसेवा एवं जागरूकता की भावना को प्रोत्साहित किया गया ।

PHOTOGRAPHS OF "SWACHHTA ABHIYAN" PROGRAMME